NEWS इन ब्रीफ

## मुखिया ने पक्की नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**पांकी।** प्रखंड लोहरसी पंचायत के मुखिया चिंता देवी के द्वारा सोमवार की दोपहर लोहरसी पंचायत में पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास व पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में मुखिया चिंता देवी ने कहा कि लोहरसी पंचायत के विकास के लिए वे सदैव तत्पर है। आज 15 वित्त की राशि से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत वासियों के जरूरत के अनुसार आगे भी विकास का कार्य करवाया जायेगा। मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अरविंद सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कुल्हिया में आरजेडी पंचायत कमिटी का गठन

**हरिहरगंज।** प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में क्षेत्र के कोठिला गांव में सोमवार कुल्हिया पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, विशिष्ठ अतिथि, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार ,यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव संचालन राजद नेता सह मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र भुइयां ने किया। बैठक में छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, लखन यादव, अशोक यादव, विनोद यादव, अवधेश यादव, संजय कुमार यादव, सूरज यादव, सिकंदर यादव, फैजुल अहमद आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** प्रखंड क्षेत्र के दुष्कर्म के दूसरा आरोपी बसंत कुमार महतो को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया। मालूम हो कि ग्यारह दिसंबर को एक दलित नाबालिक लड़की के साथ गांव के ही चार लोगो ने जबर्दस्ती दुष्कर्म किया था। जिसके खिलाफ पाटन थाना में चारो के प्रति नामजद एफआईआर किया गया है। एक आरोपी संजय महतो पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर ली है। दूसरा आरोपी बसंत महतो को भी पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। अभी भी दो आरोपी फरार चल रहे हैं। बसंत महतो का पहले भी अपराधिक रिकॉर्ड रहा है। जिसके चलते बसंत पहले भी जेल जा चूका है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि अन्य दो आरोपी भी बहुत जल्द पुलिस गिरफ्त हो होंगे। पुलिस की छापेमारी जारी है।

# सांसद व पांकी विधायक ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह एवं पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को पांकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 3 विकास योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया। सर्वप्रथम चतरा सांसद के पांकी पहुंचने पर विधायक सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। जिसके बाद पांकी अमानत बराज के समीप अंबाबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ढाई किलोमीटर लंबी सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। जिसके बाद माडन पंचायत के अहीर गुरहा में



2 किलोमीटर लंबी सड़क बारामती कार्य का शिलान्यास किया। जिसके बाद तेतराई पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा सांसद ने झारखंड सरकार के क्रियाकलापों पर कई सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को झारखंड के किसानों गरीबों की चिंता नहीं है। सिर्फ सरकार को अपनी चिंता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आवंटित राशि को भी राज्य सरकार विकास कार्य हेतु खर्च नहीं कर रही हैद्ध ै इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा समेत पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है। वहीं लोगों की आवश्यकता अनुसार हर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। कार्यक्रम के संबोधन में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि चतरा सांसद के सहयोग से कदम से कदम मिलाकर क्षेत्र के विकास हेतु हर सार्थक पहल करेंगे व पांकी विधानसभा का कोई भी भाग विकास कार्य से अछूता नहीं रहेगा। मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे अमरनाथ गुप्ता, शंकर प्रसाद ललित मेहता, संजय चंद्रवंशी, बच्चन ठाकुर, रोशन सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता, मिनटी वर्मा, गुड्डू सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, राजीव मेहता ,जय किशोर गुप्ता, श्याम नंदन ओझा, कार्तिक, सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व संसद का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड स्थित नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत बी मोड़ पर 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा श्री दुबे का स्वागत किया गया। श्री दुबे ने पलामू जिला 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन को लेकर मेदिनीनगर डाल्टनगंज जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 39 पर कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित विश्रामपुर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष ऋषि पांडे, पांडू सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे, उंटारी सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ,पूर्व विश्रामपुर अध्यक्ष डब्लू चौबे, रमेश चौब, कजरू कला मुखिया इजरार अहमद, मनु पांडे, उपेंद्र पांडे, विनोद सिंह, दुर्गेश राम, सतेंद्र मेहता काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशासन से बालू उपलब्ध कराने की मांग

**हुसैनाबाद।** समाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार भारती ने शहरी क्षेत्रों में बालू उपलब्ध कराने को लेकर अंचल पदाधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार द्वारा बालू पर रोक लगाई जाने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना व अन्य सरकारी कार्य नहीं हो पा रहा है। कई आवास लाभुकों ने अपने पुराने मकान को तोड़कर बेघर हो गये है। इस ठंड की मौसम में बेघर हुए परिवारों के समक्ष काफी परेशानी हो गई है।

## उपप्रमुख ने किया थाना प्रभारी पर हाईकोर्ट में मामला दर्ज

**सतबरवा।** उपप्रमुख कामाख्या यादव ने सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय पर हाईकोर्ट में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। कोर्ट ने मामला एक्सेप्ट कर नोटिस जारी किया है। उप प्रमुख कामाख्या यादव ने बताया कि मेरे ऊपर एक केस था। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा 4 महीने का स्टे आर्डर मुझे मिला था। इसके बावजूद कोर्ट के ऑर्डर को नजरअंदाज करते हुए मुझे थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने 3 सितंबर 2022 को थाने में बुलाकर 5 से 6 घंटे तक बैठाया व छोड़ने के एवज में बीस हजार रुपया लिया। जिससे मैं, आहत होकर उच्च अधिकारियों से संपर्क साधा। मगर इस पर कोई कार्रवाई या संज्ञान नहीं लिया गया। इससे दुखी होकर हमने न्यायालय का शरण लिया। जहां 23 नवंबर 2022 को हमने केस दर्ज कराया। जिसे हाईकोर्ट ने एक्सेप्ट कर लिया और नोटिस जारी किया है।

## वनवासी कल्याण आश्रम का मना 70वां स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का 70वां स्थापना दिवस सह संस्थापक वनयोगी बाला साहब देशपांडेय की जयंती का आयोजन किया गया। जिला समिति ने राजाभाऊ स्मृति भवन परिसर में स्थापना दिवस मनाया। वहीं सतबरवा प्रखंड के धावाडीह, पाटन प्रखंड के कोल्हुआ और चूरादोहर एकल विद्यालय में भी धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। धावाडीह में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के अखिल भारतीय ग्राम विकास प्रमुख विंदेश्वर साहु, रामानंद यादव, जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह, कोल्हुआ में संच प्रमुख देवेन्द्र सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। वहीं जिला समिति द्वारा आयोजित संस्थापना दिवस पर लोहरदगा संभाग के नगरीय कार्य प्रमुख सह पलामू प्रमंडल के विभाग संगठन मंत्री बृजमणि पाठक, जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर दुबे, संतोष कुमार सिंह, हिमांशु सिन्हा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। बृजमणि पाठक ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम आज अपना 70वां स्थापना दिवस मना रहा है। बाला साहब देशपांडेय ने 1952 में जशपुरनगर में वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की थी। वनवासियों के आर्थिक, सामाजिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। 13 बालकों से शुरू हुए कार्य आज 14 आयम को लेकर वनवासियों के बीच 70 सालों में वटवृक्ष बन गया है। आज ऐसा कोई वनवासी क्षेत्र नहीं है। जहां वनवासी कल्याण आश्रम का कार्य नहीं है।

## सिलाई व ब्यूटीशियन सेंटर का किया उद्घाटन

**पाटन।** पाटन के ग्राम किशनपुर मोरया में सोमवार को केयर महिला जागरूकता मिशन के द्वारा सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन किशुनपुर पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने बताया कि ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र खोलने से ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों के लिए सिलाई बुनाई सीखने का मौका मिलेगा। जिससे बेरोजगारी दूर होगी। मौके पर इस संस्था के डायरेक्टर चंदन भारती, पंचायत कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार,अरविंद कुमार, खुशबू कुमारी मानमती देवी, शांति देवी, रेनू कुमारी समेत काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रही।

# बिजली चोरी के आरोप में छह के खिलाफ मामला दर्ज, लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के घासी खांड, खराड़ पर, सनढा, बराही व दुलहर गांव में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने रविवार की देर शाम तक विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 6 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले कुल 6 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई और सभी छह लोगों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस आशय की जानकारी सोमवार को हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने दी। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के



दुल्हर गांव निवासी विनोद कुमार, बराही गांव निवासी ललन सिंह, सनढा गांव निवासी अवधेश यादव, खराड़ पर गांव निवासी बृहस्पत यादव, अवधेश राम व चंदन राम शामिल हैं। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, शिवम कुमार व उबैद अहमद शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**प्रशिक्षण शिविर** | तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

# प्रशिक्षित लोग पंचायत स्तरीय योजना तैयार करेंगे : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन योजना अभियान 20/22/23 के अंतर्गत संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ सोमवार से शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, बीपीएम संतोष कुमार व जिला प्रशिक्षक विनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा किया गया था। शिविर में हमारा योजना



हमारा विकास के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अलावा शिविर में गरीबी मुक्त आजीविका उन्नत ग्राम, स्वास्थ्य ग्राम, बल हतैसी ग्राम, पर्याप्त जल युक्त ग्राम, स्वच्छ व हरित ग्राम, आत्म निर्भर बुनियादी ढ़ांचा वाला ग्राम, सामाजिक रूप से न्यायसंगत व सुरक्षित ग्राम, अच्छी बुनियादी सुविधाओं वाली ग्राम तथा महिला हितैसी वाली ग्राम के स्थापना हेतु प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षित लोग पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के साथ बैठक कर योजना तैयार करेंगे। जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा । मौके पर प्रभारी पंचायती राज प्रभारी, मुकेश कुमार, मनरेगा सहायक, अंकित राज, जिला प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार तिवारी, मनोज चौबे सहित कई प्रखंड कर्मी, जल सहिया, स्वास्थ सहिया ,मनरेगा मेठ, पंचायत प्रतिनिधि सहित कई लोग मौजूद थे।

## मृतक की पत्नी को मिला बीमा का लाभ

**हरिहरगंज।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा हरिहरगंज ने सोमवार को पिपरा प्रखंड के मधुबाना गांव की अनिता कुंवर के पति मंतोष रजवार के निधन हो जाने पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत बैंक से बीमा के 2 लाख रुपये का लाभ दिलाया है। जेआरजीबी के शाखा प्रबंधक नागेंद्र कुमार ने बताया की अनीता कुंवर के पति का निधन हो गया था। मृतक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 436 रुपए वाल बीमा कराया हुआ था। परिजनों ने बैंक में क्लेम लेने के लिए सम्पूर्ण कागजात जमा कराया। बैंक ने मृतक की पत्नी को 2 लाख रुपए की राशि उसके बचत खाते में जमा कर दी। इस मौके पर कैशियर सौरभ कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, सीआरपी अनिता कुमारी, शारदा अंजुम, सुभाष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुखिया ने बीपीओ व अन्य कर्मियों पर अवैध उगाही का लगाया आरोप

हरिहरगंज। तेंदूई पंचायत के मुखिया उषा देवी ने बीपीओ प्रभात कुमार, रोजगार सेवक अवधेश कुमार तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर पर मनमानी करने तथा टीसीबी योजना में लाभुकों से अवैध राशि का उगाही करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लाभुक राशि नहीं देते हैं, उन्हें परेशान किया जाता है। मुखिया ने बताया इस संबंध में बीपीओ प्रभात कुमार से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। साथ ही बीपीओ के द्वारा कहा गया कि पंचायत हम लोगों को चलाना है। आप लोगों को नहीं। मुखिया ने मांग करते हुए कहा कि रोजगार सेवक अवधेश कुमार को तत्काल हटा दिया जाय। साथ ही ऐसे अधिकारियों पर तत्काल जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग पलामू उपायुक्त तथा डीडीसी से की है। इस संबंध में बीपीओ प्रभात कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुखिया द्वारा जो भी आरोप लगाया गया है, वह सब बेबुनियाद है।

## प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

**नावा बाजार।** पलामू प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्य का मासिक बैठक प्रमुख विद्या देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधा विहीन को लेकर विचार रखा। समस्या को लेकर प्रमुख विद्या देवी ने रजीस्टर में मूलभूत सुविधा को दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। मौके पर नावा बाजार वीडियो मोहम्मद अमीर हमजा ने पंचायत समिति सदस्यों को कहा कि क्षेत्र में बढ़ती ठंड पर ध्यान केंद्रित करते हुए लोगों को हर संभव मदद करने की बात कही। उक्त मौके पर उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम ,सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी, देवेंद्र सिंह ,निरंजन राम ,मुखिया सब्या सिंह, बीपीएम वैभव कांत आदर्श ,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मिसी किरण सहित कई लोग उपस्थित थे।


**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)**
**जिला जल एवं स्वच्छता समिति "प्रकल्प" लातेहार**
**पानी टंकी कैम्पस मेन रोड लातेहार,**
**Email id- eedwsd.latehar@gmail.com**

**संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना**

झारखण्ड राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र सम्पोषित जल जीवन मिशन अन्तर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर रिक्त पद MIS Coordinator के लिए संविदा आधारित नियुक्ति एवं सेवा शर्तें प्रक्रिया निम्नवत है:-

| क्र० | पद | स्तर | संख्या | अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MIS Coordinator | जिला | 01 अनारक्षित | **Qualification & Skill:-** Master Degree In Economics/MBA (HR)/M.Sc (Geology/Chemistry/Biology Chemistry/Bio Technology) P.G Degree or Diploma In Rural Development/ Social Science/ Master In Computer Science or Information Technology or Post Graduate Degree or PG Diploma In MCA/PGDCA/MSC IT/ DATA Science/Stastistics Form Recognized and Reputed University/ Institution with Minimum 55% Marks. **Work Experience-** Minimum 03 Years of Work Experience in the Development Sector with Expertise In Handling of GIS & MIS System of any Flagship Program Relevent Work Experience with Govt. Department or UN Agencies especially in WASH will be An added Advantages **Computer Knowledge/Experience** – Proficient In MS Office (word, Excel, Power Point) Sound Knowledge of DBMS, IMIS & Statistical tool is a Must. | Rs. 35000.00/ Month |

राष्ट्रीयता:- आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
1 शारीरिक विकलांग कोटि के लिए क्षैतिज आरक्षण का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखण्ड के द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी।
2 झारखण्ड राज्य से उत्तीर्ण मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट अभ्यर्थी का आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 02.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक है।
4. आवेदन (डाक से/कार्यालय में/ई० मेल) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।
5. आवेदन जमा करने का पता– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, मेन रोड पानी टंकी लातेहार में आवेदन अपना आवेदन प्रपत्र भरकर अपने शैक्षणिक अनुभव, एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया प्रति स्व अभिप्रमाणित के साथ जमा कर सकते है।
6. सभी पदो पर नियुक्तियाँ पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। प्रारम्भिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष की होगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए अनुबंध की नवीकरण किया जा सकेगा। कार्यक्रम का कार्यकाल पूर्ण होने पर संविदा पर की गई नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।
7. आवेदन प्रपत्र संलग्न।
टिप्पणी:- साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उपायुक्त सह–अध्यक्ष के द्वारा किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार रखते है। लिखित परीक्षा की तिथि एवं चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु सूचना www.latehar.nic.in एवं विभाग के सूचना पद पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 285948 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त कार्यालय लोहरदगा**
**(सामान्य शाखा)**

**नव-नामांकन हेतु अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का मेधा सूची।**

जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लोहरदगा का विज्ञापन संख्या–01/2018 के आलोक में लोहरदगा जिला के ग्रामीण पुरूष एवं महिला तथा शहरी तकनीकी एवं गैर तकनीकी पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों का प्रखण्डवार रिक्ति के विरूद्ध शारीरिक जाँच परीक्षा, हिन्दी लेखन क्षमता परीक्षा, तकनीकी दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सीय जाँच परीक्षा के उपरान्त अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की प्रखण्डवार मेधा सूची ग्रामीण पुरूष एवं महिला तथा शहरी तकनीकी एवं गैर तकनीकी पुरूष एवं महिला की विवरणी निम्न प्रकार है :–

1. कुडू प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 179, 377, 804, 245, 451, 569, 71, 160, 567, 786, 291, 54, 837, 527, 142, 19, 355, 610, 318 (कुल–19)
2. कुडू प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 14, 132, 69, 86, 133, 66, 63, 125, 120, 285, 31, 300, 207, 195, 27, 184, 269, 54, 37 (कुल–19)
3. पेषरार प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 383, 253, 216, 125, 282, 262, 141, 295, 347, 263, 18, 330, 139, 143, 40, 306, 191, 414, 300, 102, 147, 172, 359, 196, 112, 154, 446, 231, 454, 430, 35, 225, 372, 46, 208, 307, 298, 390, 210, 205, 316, 317, 335, 03, 171, 67, 437, 10, 93, 355, 13, 356, 66 (कुल–53)
4. पेषरार प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 153, 54, 171, 98, 101, 80, 99, 95, 02, 170, 108, 01, 118, 16, 161, 70, 66, 53, 176, 169, 105, 24, 147, 165, 174, 129, 156, 121, 225, 68, 103, 162, 178, 113, 28, 218, 119, 56, 155, 150, 198, 19, 133, 10, 41, 36, 46, 195, 137, 21 (कुल–50)
5. किस्को प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 63, 389, 439, 72, 315, 212, 593, 241, 183, 300, 29, 483, 382, 406, 244, 327, 469, 511, 453, 266 (कुल–20)
6. किस्को प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 51, 144, 278, 106, 111, 56, 54, 120, 15, 48, 147, 149, 313, 40, 257, 158, 76, 298, 142, 24 (कुल–20)
7. भण्डरा प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 53, 378, 82, 267, 136, 48, 578, 811, 196, 516, 70, 83, 12, 299, 40, 610, 767, 13, 269, 604, 506, 121, 310 (कुल–23)
8. भण्डरा प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 144, 86, 219, 29, 30, 230, 142, 248, 362, 276, 311, 206, 220, 255, 186, 279, 70, 247, 56, 294, 346, 79, 59 (कुल–23)
9. कैरो प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 377, 484, 227, 474, 56, 34, 131, 522, 322, 310, 96, 530, 559, 75, 394, 76, 174, 60, 13, 374, 50, 146, 152, 294, 59, 24, 02, 483, 33, 06, 555, 268, 254, 420, 136, 207, 283, 120, 160, 101, 225, 87, 278, 216, 52, 82, 455, 134, 246, 107, 437, 21, 430, 501, 198 (कुल–55)
10. कैरो प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक :– 41, 51, 30, 84, 189, 169, 165, 141, 191, 101, 10, 144, 36, 71, 199, 40, 83, 69, 178, 19, 06, 140, 119, 44, 93, 68, 205, 148, 87, 94, 08, 75, 236, 32, 35, 37, 166, 184, 72, 58, 190, 151, 150, 102, 46 (कुल–45)
11. सेन्हा प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 467, 1163, 39, 564, 996, 57, 768, 949, 1159, 763, 634, 335, 604, 810, 902, 805, 1112, 1158, 603, 840, 41, 587 (कुल–22)
12. सेन्हा प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 167, 139, 39, 262, 526, 60, 445, 65, 132, 569, 10, 227, 168, 66, 08, 428, 263, 29, 05, 547, 148, 322 (कुल–22)
13. लोहरदगा प्रखण्ड (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 498, 120, 259, 69, 806, 21, 16, 93, 434, 320, 809, 712, 745, 116, 423, 256, 49, 410, 166, 103, 39, 110, 47, 426, 721, 151 (कुल–26)
14. लोहरदगा प्रखण्ड (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 423, 318, 292, 43, 06, 108, 28, 258, 355, 316, 53, 52, 130, 77, 470, 260, 408, 59, 47, 256, 128, 36, 429, 228, 145 (कुल–25)
15. षहरी तकनीकी दक्ष (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 47, 50, 02, 72, 58, 20, 117, 187, 107, 139 (कुल–10)
16. शहरी गैर तकनीकी (पुरूष)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 54, 35, 44, 106, 70, 79, 31 (कुल–07)
17. शहरी तकनीकी दक्ष (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 30, 67 (कुल–02)
18. शहरी गैर तकनीकी (महिला)–अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का कमांक:– 77, 73, 43, 51, 83, 66, 03, 36, 45, 10, 02 (कुल–11)

नोट:–
1. दिनांक–05.01.2023 को कुडू एवं किस्को प्रखण्ड के पुरूष/महिला उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में भरा जायेगा।
2. दिनांक–06.01.2023 को पेशरार प्रखण्ड के पुरूष/महिला उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में भरा जायेगा।
3. दिनांक–07.01.2023 को भण्डरा एवं सेन्हा प्रखण्ड के पुरूष/महिला उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में भरा जायेगा।
4. दिनांक–09.01.2023 को कैरो प्रखण्ड के पुरूष/महिला उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में भरा जायेगा।
5. दिनांक–10.01.2023 को लोहरदगा प्रखण्ड एवं शहरी तकनीकी दक्ष एवं गैर तकनीकी पुरूष/महिला उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में भरा जायेगा।

अंतिम रूप से चयनित सभी उम्मीदवारों को बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) एवं फॉर्म "ग" (चरित्र सत्यापन) भरना अनिवार्य है। चिकित्सीय जाँच एवं चरित्र सत्यापन तथा सभी कागजात सही पाये जाने पर ही उम्मीदवारों को नव–नामांकन के लिए योग्य माना जायेगा।

उपायुक्त
लोहरदगा

PR 285938 Lohardaga (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### मारपीट में युवती घायल

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज मोहल्ले में पानी भरने को लेकर दो लोगो के बीच हुई मारपीट में अजय राम की पुत्री छोटी कुमारी उम्र 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार को हमीदगंज मोहल्ला निवासी अजय राम की पुत्री छोटी कुमारी चापानल पर पानी भर रही थी। इसी बीच वहीं का स्थानीय निवासी अशोक राम का पुत्र बिट्टू कुमार वहां पहुंचा और पहले पानी भरने को लेकर छोटी से बहस करने लगा। इसी बीच बहस मारपीट में तब्दील हो गई। गुस्से में आकर बिट्टू ने छोटी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद छोटी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। इसके बाद इस घटना की जानकारी टाइगर मोबाइल के जवानों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान नवलेश कुमार, जावेद अंसारी और शिवानंद यादव सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

### वार्ड पार्षद प्रत्याशी ने किया कंबल का वितरण

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या आठ में सोमवार को वार्ड पार्षद प्रत्याशी असगर अंसारी के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। प्रत्याशी श्री अंसारी ने कहा की इस कड़ाके की ठंड में असहाय व गरीबों की काया को ढ़कना, मानवता के नाते हमारा पहला कर्तव्य है। जिसे करने में मुझे बड़ा शकुन मिलता है। वहीं पर मौजूद नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी राजू राम ने कहा की गरीबों की सेवा से बढ़ कर कोई और दूसरा धर्म नही है। मौके पर पुर्व वार्ड पार्षद गुड्डू राम, बीससूत्री अध्यक्ष एमामुल हक, लुकमुदीन अंसारी, गयासुद्दीन खान, जैलुन खां, कलाम खान, मुबारक अंसारी,राजा बाबू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुघटना में घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी कल्लू राम अपनी पत्नी और बच्चा समेत बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि कल्लू राम सोमवार को दोपहर शाहपुर विवेकानंद स्कूल से अपने बच्चे को लाने गया था। उधर से लौटने के दौरान शाहपुर पूल के पास अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर है।

### ठंड लगने से एक अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत 45 वर्षीय नरेश भुइयां की मौत ठंड लगने से हो गयी। स्वजनों के अनुसार मृतक बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा क्षेत्र में धनकटनी करने गया था। जहां ठंड लगने की शिकायत के बाद वह अपने घर वापस लौट गया था। रविवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण -पोषण करता था। घटना के बाद परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रंग रोगन मामले में दोषियों पर जल्द हो कार्रवाई : रूद्र

**मनातू।** पलामू जिला के तरहसी प्रखण्ड अन्तर्गत रंगरोगन मामला लगातार सुर्खियों में रहने के कारण मंत्री प्रतिनिधि पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ला ने इस मामले में औचक निरीक्षण करने बीआरसी पहुंचे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू से बातचीत की। बातचीत के दौरान जवाब संतोषजनक पाये जाने के बाद श्री शुक्ला ने साफ लहजो में बीआरसी में चल रहे रंग रोगन के नाम पर भ्रष्टाचार को जल्द से जल्द खत्म करने की बातें कहीं।

# नववर्ष पर हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पलामू में नव वर्ष आगमन को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि 31दिसंबर की रात को 2022 की विदाई और नववर्ष की खुशी में होटलों, रेस्टोरेंट् पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं होगी। इन पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी। इतना ही नहीं वाहन के साथ सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी शहर के अन्य चौक चौराहे पर मुस्तैद रहेंगे। इसके लिए होटल संचालकों को भी सख्त हिदायत दी जाएगी। एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2022 के आखिरी दिन और नववर्ष के पहले दिन लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहता है। जिसमें कुछ लोग यह जश्न शराब पीकर और हुड़दंग मचाकर मनाते हैं। इससे कानून और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती



है। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए इस बार ऐसे लोगों और हाईवे पर स्थित होटलों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। होटल संचालकों को पहले ही हिदायत दी जाएगी कि वे अपने यहां किसी भी तरह की शराब पार्टी का आयोजन न होने दें। किसी को भी होटल में शराब न पिलाएं और न ही पीने दें। तेज आवाज में और निर्धारित समय के बाद डीजे अथवा फिल्मी गाने न बजवाएं। यदि किसी के होटलो व रेस्टोरेंट् में किसी भी तरह का हुड़दंग होते पाया गया तो इस द्वारा पकड़े गए लोगों के साथ ही होटल संचालकों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पलामू में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। बता दें कि पलामू में नेशनल हाईवे पर स्थित कई होटलों में नववर्ष पर होने वाली पार्टियों में कुछ लोग शराब का सेवन कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते है। वहां हालात लड़ाई-झगड़े के हो जाते हैं। जिसको देखते हुए एसपी ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में कड़ी और पैनी नजर रखने के लिए अपने पुलिस टीम को मुस्तैद रहने का आदेश दिया है। उन्होंने नए वर्ष पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने, के साथ ही वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया है।

# डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड के कर्मी ने महिला से बदसलूकी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका उदाहरण आज अस्पताल के डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड में देखने को मिला। बताते चलें कि सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी रविंदर राम की पत्नी अनीता देवी जो गर्भवती महिला है। वह सोमवार को अपना अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सदर अस्पताल डायग्नोस्टिक सेंटर पहुंची थी। वहां पर तैनात कर्मचारी सुजीत सिंह के द्वारा महिला अनीता देवी के पुर्जा को लेकर बाहर फेंक दिया गया। मामला यह था कि अल्ट्रासाउंड का डेट 24 दिसंबर का था और महिलो 26 दिसंबर को अल्ट्रासाउंड कराने सदर अस्पताल पहुंची थी। इस घटना के बारे में महिला अनीता देवी के सास शारदा देवी ने बताया कि 24 दिसंबर को अल्ट्रासाउंड का डेट मिला था किसी मजबूरी से वह 24 तारीख को अल्ट्रासाउंड कराने सदर अस्पताल नहीं पहुंची। सोमवार को जब उसकी पुत्रबधु अनीता देवी अस्पताल पहुंची तो अल्ट्रासाउंड के कर्मचारी सुधीर सिंह के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और अल्ट्रासाउंड नहीं करने की बात कही गई। इसके बाद किसी तरह समझाने बुझाने के बाद सुजीत सिंह के द्वारा महिला का अल्ट्रासाउंड कराया गया। बताते चलें की आये दिन यहां इस तरह के मामले होते रहते हैं जिससे मरीजों में काफी आक्रोश है।

### पंडित राजा राम मिश्र का निधन से अपूर्णीय क्षति : वीडी राम

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद ने रेड़मा स्थित सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आवास पर इनके पिता प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित राजा राम मिश्र के निधन होने के उपरांत धीरज मिश्रा एवं इनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया । परिवार को हर संभव सहायता करने की बात कही। सांसद ने कहा कि पंडित राजा राम मिश्र का शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है। इन्होंने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने का कार्य किया है। स्वर्गीय मिश्र के निधन से संगीत जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर ईश्वरी पांडेय, दिलीप तिवारी, नवीन तिवारी, सूरज मिश्र, प्रियमवदा मिश्रा, पूजा मिश्रा उपस्थित रहे।

# बेहतर सामाजिक सौहार्द्र का पर्व है क्रिसमस : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सायंकालीन संध्या में स्थानीय चर्च में आयोजित कार्यक्रम में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार अविनाश देव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। चर्च के फादर को संविधान की पुस्तक समर्पित करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यीशु मसीह के जन्म दिवस के मौके पर मनाया जाने वाला यह त्यौहार सभी धर्मों के बीच आपसी समन्वय एवं बेहतर संबंधों को स्थापित करता है। क्रिसमस के छुट्टी में पूरे दिन लोग नाचना, गाना, पार्टी मनाना जैसे अनेक कार्य करके खुशी मनाते है। इसे सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है। खासतौर से ईसाई समुदाय द्वारा। इस दिन सभी रंग-बिरंगे कपड़े पहनते है और खूब मस्ती करते है। सभी एक-दूसरे को 'मैरी क्रिसमस' कहकर बधाइयां देते है तथा एक-दूसरे के घर जाकर उपहार देते है एवं ईसाई लोग अपने प्रभु ईशु के लिये प्रार्थना करते है।

### आयोग में याचिकाकर्ता का डीवी सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा निकाले गए मूल याचिकाकर्ता के डीवी का कार्य सोमवार को सम्पन्न हो गया। हाई स्कूल में नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मूल याचिकाकर्ता के लिए आयोग ने सूची जारी किया था। जिसे लेकर पलामू सहित अन्य जिलों के अभ्यर्थियों ने आयोग में डीवी कराया। उसके साथ ही संगीत और प्राथमिक शिक्षको का भी डीवी पूरा हुआ। अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग के द्वारा 30 दिसम्बर को अंतिम मौका दिया गया है।

# सुखाड़ राहत योजना के सत्यापन को लेकर लगा शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत आवेदनों के सत्यापन को लेकर आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन भी आवेदनों का सत्यापन भारी संख्या में किया गया। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत यह विशेष शिविर लगया गया था। इस शिविर के आयोजन से जिला प्रशाशन को



इच्छानुसार लाभ प्राप्त हुआ है। लंबित आवेदनों की संख्या में भारी कमी आयी जिससे उपायुक्त सहित जिला प्रशासन बेहद संतुष्ट नजर आए। बता दें कि शिविर के पहले दिन कुल 33000 हजार आवेदनो का सत्यापन किया गया था। अभी तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत आयोजित शिविर में समाचार लिखे जाने तक लगभग 53000 से अधिक आवेदनो का सत्यापन किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि जिले में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जिले में 2.5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके सत्यापन में तेजी लाने के उद्देश्य से यह शिविर समाहरणालय के विभिन्न कांफ्रेंस हॉल में लगाया गया था। जिले के सभी सीओ लैपटॉप लेकर अपने अंचल निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर व प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाते हुए अपने-अपने अंचलों से संबंधित आवेदनों का सत्यापन किया। इस दौरान जिले के उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, अपर समाहर्ता व डीआईओ ने भी विभिन्न सभागारों में लगाये गये विशेष शिविर का अवलोकन किया। वहीं मौके पर कृषि पदाधिकारी व सहकारिता पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जान देंगे, पर खनन नहीं होने देंगे : ग्राम सभा

## पलामू के चिल्होखुर्द ग्राम सभा ने किया माइनिंग लीज रद्द करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर के हुलसम पंचायत के चिल्होखुर्द के ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम सभा के बैनर तले छतरपुर थाना का घेराव कर चिल्होखुर्द में तीन एकड़ के खनन लीज को रद्द करने की मांग की। ग्रामीणों ने छतरपुर थाना प्रभारी पर खनन माफिया के साथ पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए खनन माफिया मुकेश सिंह की गिरफ्तारी एवं थाना प्रभारी के स्थानांतरण की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि 2017 फर्जी ग्राम सभा करा कर खनन माफिया मुकेश सिंह ने तत्कालीन बीडीओ एवं पंचायत सेवक की मिलीभगत से ग्राम सभा




की स्वीकृति का फर्जी दस्तावेज तैयार करवाया है। ग्रामीणों ने कहा कि विकास योजना के नाम पर बुलाये गये ग्राम सभा में ग्रामीणों को गुमराह कर उनका हस्ताक्षर एवं अंगूठा लेकर माइनिंग लीज की स्वीकृति का फर्जी दस्तावेज तैयार करवाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि खनन पट्टा न सिर्फ गैर कानूनी है बल्कि हम आदिवासियों की संस्कृति पर भी हमला है। खनन लीज पर दिए गए जमीन पर आदिवासियों के दो दो देव स्थल हैं। झारखंड लघु खनिज नियमावली के अनुसार धार्मिक स्थलों को नष्ट कर खनन कार्य नहीं किया जा सकता है। मौके पर ग्राम सभा ने वन विभाग पर खनन पट्टा का फर्जी एनओसी देने के लिए निशाना साधा। ग्रामीणों ने कहा कि खनन लीज को लेकर वन प्रमंडल कार्यालय, मेदिनीनगर द्वारा फर्जी एनओसी तैयार किया गया है। एनओसी के अनुसार खनन पट्टा के 200 मीटर के दायरे में कोई मानव बसाहट नहीं है । जबकि सच्चाई यह है कि 200 मीटर के दायरे में कई घर हैं। एनओसी के अनुसार खनन पट्टा के 100 मीटर के दायरे में कृषि योग्य भूमि नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि खनन पट्टा के बगल में ही खेती होती है।

# जिले में अवैध खनन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने की बड़ी कार्रवाई

## विभिन्न अंचलों में अवस्थित 11 खनन पट्टों को किया रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 खननपट्टों को रद्द कर दिया है। इनमें जिले के पाटन, नौडीहाबाजार, सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, चैनपुर, हरिहरगंज, अंचलों के पत्थर खदान शामिल हैं। इनके विरुद्ध उपायुक्त को शिकायत मिली थी जिसका संज्ञान लेकर स्थल जांच करायी गयी। रद्द किए गये खननपट्टों के विरुद्ध अनियमितता, लंबे समय से लंबित राजस्व बकाये जैसी शिकायतें मिली थी। वहीं कुछ खनन



### रद्द किए गये खननपट्टों के विरुद्ध अनियमितता

लीजधारकों के विरुद्ध स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त से मिलकर भी शिकायत की गयी थी। ज्ञातव्य है कि बीते 9 नवंबर को मेदनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में गढ़वा एवं पलामू जिले के संयुक्त पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया था।

# अशोका फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा रविवार को पूर्व पीएम के जन्मोत्सव पर सम्राट अशोका फाऊंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल विक्की श्रीवास्तव और स्थानीय जिला परिषद आशा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा की रक्तदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान शिविर स्कूल के प्रिंसिपल के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने संदेश दिया कि विश्व में रक्त की कमी से हरेक रोज लाखो लोग अपना जान गवां देते है। इसका एक ही इलाज है जो की सिर्फ लोगो के नियमित रक्तदान से ही पूर्ति होनी संभव है। उपप्राचार्य अरुण कुमार सहित मिथलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा से हमे सीख मिली की रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाएगी। रक्तदान कर किसी की जान बचाया जा सकता है। मौके पर रक्तदान करने वाले नीतीश राज, प्रेम कुमार, विक्की, अनुतेजन, अरविंद, शुभम, मिथलेश कु. मिश्रा, एसके रवि, वॉइस प्रिंसिपल अरुण, नवीन रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में संगठन के डा. आर कुमार, काजल, शुभम सहित स्कूल के लगभग 100 बच्चे मौजूद थे।

# भाकपा ने कई मांगों को लेकर निकाला जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद के द्वारा किसान मजदूर छात्र नौजवानों के सवाल पर पलामू समाहरणालय के गेट को जाम किया गया। इससे पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से सर्वप्रथम पार्टी का झंडा फहराया गया उसके बाद जिला सचिव रुचिर कुमार के नेतृत्व में जुलूस निकालते हुए पलामू समाहरणालय के मुख्य मार्ग को 2 घंटे तक जाम कर दिया गया। भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता बेहाल और कॉर्पोरेट पूंजीपति विधायक, मंत्री मालामाल हो रहे हैं। छात्र नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। केंद्र में मोदी और राज्य में हेमंत सरकार का रोजगार के लिए किया गया झूठा वादा को जनता समझ चुकी है। आज किसान आत्महत्या कर रहे हैं और मजदूरों के पास कोई रोजगार नहीं है। सभा को राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, अभय कुमार भूइंया, चन्दशेखर तिवारी, सहित कई लोगों ने संबोधित किया। अंत में 9 सूत्री मांग पत्र जिसमें ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई चालू करो, घर बनाने के लिए बालू को फ्री करो। खासमहाल जमीन को फ्री होल्ड करो, दीनदयाल मार्ग को चालू करो। भूमि हदबंदी कानून को लागू करो। पलामू जिला में रोजगार हेतु नए उद्योग की स्थापना करो। पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार चालू करो। सभी किसानों को कृषि कर्ज माफ कर नए सिरे से कर्ज दो। वन भूमि का पट्टा गरीबों के बीच बंदोबस्त करो। आदि मांग दिया गया। सभा में, नसीम राइन, सोनू खान, मनाजरूल हक, पूरन चंद साहू, गनौरी भूइंया, ललन कुमार सिन्हा, हरिराम, संतु सिंह, राजेंद्र बैठा, मोइनुद्दीन अंसारी, कामेश्वर सिंह, रंगू मोची, उमेश सिंह चेरो, रामलाल, दिनेश सिंह, सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। जुलूस रेड़मा चौक से पूरे बाजार क्षेत्र भ्रमण करते हुए गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल मेल वाटिका में पहुंचा।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणो ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत मुगलसराय रेलखंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर ग्रामीणो ने मुगलसराय डी.आर. एम. को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन



सौपा। सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव, सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, नवनिर्मित फुटओवर ब्रिज ग्रामीणों के बाहर जाने के लिए बनाया जाय, रेलवे स्टेशन सिगसिगी दोनों तरफ कालीकरण रोड पुनः निर्माण कराया जाए, अंडरपास रेलवे फाटक पास बनाया जाय। जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित युवा समाजसेवी अनुज कुमार चौधरी, मनोहर पासवान ,विनय चंद्रवंशी ,राजा रावत, पंकज कुशवाहा ,नरेश सिंह ,सुरेंद्र मेहता, संजय मेहता ,नवल सिंह ,रामचंद्र सिंह , राजेन्द्र चौधरी इत्यादि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

**श्रद्धांजलि** — सांसद वीडी राम ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# अंत्योदय व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वाजपेयी की देन : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पचलेवा पंचायत करसो में पुष्पवर्षा कर सांसद वीडी राम का स्वागत हुआ। आजादी के बाद वे पहले सांसद है जो इस गांव में पहुंचकर जनता की समस्या को सुना एवं उसे दूर करने का आश्वासन दिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्हें नमन किया। तत्पश्चात गरीब असहाय आदिम जनजाति के बीच कंबल वितरण कर जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाया। साथ ही साथ सौगात के रूप में इस गांव के लिए बभंडी से पचलेवा तक 6.5 किलोमीटर



एक करोड़ साठ लाख रुपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पथ मरम्मती करने के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी पीएम का लक्ष्य है कि विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। मौके पर उपस्थित जिला पार्षद प्रमोद सिंह, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, पथरा मंडल अध्यक्ष सकेंद्र चौधरी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, विधायक प्रतिनिधि आमलेश चौरसिया, अलख दुबे, भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुदेश्वर चौधरी, राजेश सिंह, मुखिया सीमा देवी, रामप्रवेश प्रसाद बबलू गुप्ता, शंकर प्रसाद, जय दुबे, मणिकांत सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय जनता दलः एक दिवसीय बैठक सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रांगण में राजद की ओर से एक दिवसीय बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार यादव द्वारा



किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से राजद का प्रखण्ड अध्यक्ष पड़वा उपेन्द्र कुमार मेहता, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश मौर्य एवं राजद अनु. जाति प्रकोष्ट के प्रखण्ड अध्यक्ष राममहल पासवा को चयन किया गया। साथ ही पाटन प्रखण्ड मुख्यालय अंर्तगत पाटन हाई स्कूल के प्रांगण में राजद पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा के अध्यक्षता में संचालन जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पलामू संतोष कुमार यादव के द्वारा बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पलामू युवा जिला अध्यक्ष फैजूल हक रासिद, प्रदेश स्तरीय नेता रामनाथ चन्द्रवंशी, प्रदेश स्तरीय नेता धनन्जय पासवान, वरीय जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पलामू संतोष कुमार यादव, जिला प्रधान सचिव सुशील कुमार यादव, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### बीडीओ को सौंपा आवेदन, जांच की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अंतर्गत झगड़ाखांड में राधा महिला स्वयं सहायता समूह के पीडीएस दुकानदार की मिलीभगत से मुर्दा भी अनाज उठा रहे है। मामले को लेकर गांव के ही संतोष कुमार यादव के द्वारा बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो को आवेदन देकर जांचों उपरांत करवाई की मांग किया है। दिए आवेदन में संतोष कुमार यादव ने कहा है कि राधा महिला स्वयं सहायता समूह बनसानी टोला मनसाही खाड़ी में वर्ष 11 से ही अवैध राशन का उठाव समूह के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे मृतक पानपती देवी कार्ड संख्या 18402 का वर्ष 15 में ही मौत हो गई है। तो सोना कुंवर कार्ड संख्या 18793 का भी मृत्यु बीते मार्च माह में हो चुकी है और राशन का उठाव किया जा रहा है।

### दो पक्षों के बीच जमकर हुआ विवाद आठ लोग घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बेलपहाडी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच हुए मार पीट में दोनों पक्षो से आठ लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से अशोक पासवान, रूबी देवी, उपेंद्र पासवान, कविता देवी एवं दूसरे पक्ष से संजय पासवान, हृदया पासवान, सीता राम पासवान एवं दुर्गा देवी शामिल हैं।

### दो अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल

**भवनाथपुर।** दो अलग-अलग घटित घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना राजी गांव के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से शराब के नशे में धुत बाइक चालक करिवाडीह निवासी रामकेश राम के 17वर्षीय पुत्र अक्षय राम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र के एच पी पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर बाइक पलट जाने से दो लोग घायल हो गए घायलों में बघमनवा निवासी बीरेंद्र भुइयां के पुत्र नवनीत राम एवं अरसली निवासी लेयाकत अंसारी के पुत्र समसेर अंसारी शामिल है। घायलावस्था में स्थानीय लोगो ने भवनाथपुर अस्पताल पहुचाया। जहां डॉ. निशांक निश्रम ने इलाज किया।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**गढ़वा।** मुख्यालय स्थित एआरडी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। प्रधानाचार्य अणिमा पांडेय के कुशल नेतृत्व में स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई।जिसमें बैलून रेस, बिस्किट रेस,सिंगल लेग रेस, इन आउट गेम, फास्ट वाकिंग रेस, मैथ्स रेस, चेयर रेस,थ्री लेग रेस, स्लो साइकल रेस, फ्रॉग रेस आदि शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्टडी उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। सम्मानित होनेवालों छात्रों में अमित कुमार, मुजाहिद अंसारी, रहिस अंसारी, दिव्यम राज, सहित अन्य शामिल है।

# कोरोना की फिर दस्तक

## सदर अस्पताल से भाग गई संक्रमित महिला



- पलामू के गोदरमा गांव की निवासी है महिला मरीज
- एंटीजन किट से जांच में हुई पहचान
- रिश्तेदार के घर आई थी महिला
- बंध्याकरण आपरेशन कराए जाने को ले किया गया था कोरोना जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में कोरोना संक्रमण का दस्तक हो गया है। सोमवार को एक महिला को कोरोना पाजिटिव पाया गया है। उक्त महिला उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के विंढमगंज की रहनेवाली है। बताया गया कि मेराल थाना क्षेत्र के सिदे गांव में एक रिश्तेदार के घर आई थी। उक्त महिला को परिवार नियोजन बंध्याकरण आपरेशन कराना है। उक्त महिला के रिश्तेदार ने अपने गांव के सहिया से संपर्क किया था। इसके बाद स्वास्थ्य सहिया उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में पहुंची। बंध्याकरण आपरेशन कराए जाने के पहले जब उसका कोरोना जांच किया गया। एंटीजन किट से जांच में पाजिटिव पाई गई।

### आरटीपीसीआर जांच की तैयारी करते रहे स्वास्थ्यकर्मी

इसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने उक्त महिला का आरटीपीसीआर जांच के लिए स्वाब सैंपल लेने की तैयारी शुरू की। इस बीच वह महिला मेराल सीएचसी से धीरे से खिसक गई। महिला ने अपने संपर्क नंबर के लिए स्वास्थ्य सहिया का ही मोबाइल नंबर दर्ज करा दिया है। इससे उसे खोजने में स्वास्थ्य विभाग के लोगों को परेशानी हो रही है। हालांकि उक्त महिला को खोजने के लिए सीएचसी मेराल के कांटेक्ट ट्रेसिंग टीम को लगाया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला को खोजने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सिदे गांव तक गई है। लेकिन महिला अपने रिश्तेदार के घर नहीं पहुंची है। इधर, सिविल सर्जन ने बताया कि उक्त महिला का आरटीपीसीआर जांच कराया जाएगा। तब तक उसे होम आइसोलेशन भेजा जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के भंडार गांव निवासी विजय राम का पुत्र आकाश कुमार राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया आकाश कुमार राम अपनी मोटरसाइकिल लेकर डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान लवाही गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के बाद परिजन ने उसे इसी घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### तेल चोरी करने के आरोप में दो को भेजा गया जेल

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में बाईपास निर्माण निर्माण कार्य करा रहे शिवालय कंस्ट्रक्शन के साइड से तेल चोरी करने के आरोप में गढ़वा थाना क्षेत्र के झुलुआ आरोग्यं हॉस्पिटल के समीप से करमडीह गांव निवासी जितेंद्र कुमार और विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 3 गैलन डीजल और दो मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि शिवालय कंस्ट्रक्शन की ओर से थाने में आवेदन दिया गया था कि बाईपास निर्माण कार्य के दौरान साइड से लगातार तेल की चोरी हो रही है। उसके बाद आज सूचना मिला कि उक्त दोनों तेल चोरी कर भाग रहे हैं। सूचना के आधार पर रेकी कर झलुआ से उक्त दोनों को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिला कि उक्त दोनों पहले बाईपास निर्माण कार्य में काम करते थे वहीं से उक्त दोनों तेल की चोरी शुरू किए।

# शिविर में पशुपालकों को योजनाओं की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना अंतर्गत हासनदाग गांव में पशुपालन विभाग द्वारा पशु पालकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पशु पालन विभाग ने सोमवार को हासनदाग गांव में पशु पालकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संबंध में डॉक्टर केके सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं तथा पशुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया गया है। शिविर में 108 लोग उपस्थित थे। जिन्हें पशुओं की नस्ल, पशुओं का रखरखाव, बीमारी की स्थिति में दवा कौन सी दवा देनी है, कृत्रिम गभार्धान, कृमि नाशक दवाओं का प्रयोग इत्यादि जानकारी उपलब्ध कराई गई। पशुपालन विभाग के मेराल के पशु चिकित्सा पदाधिकारी, डॉक्टर के के सिंह तथा हरिहरपुर के पशु चिकित्सा पदाधिकारी,डॉ अमित कुमार सिंह द्वारा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर हासनदाग पंचायत की मुखिया फुलवंती देवी, बीडीसी नंदू चौधरी प्रमोद तिवारी, रविंद्र कुमार सुनील ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे । प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# रमना में तेंदुआ के अफवाह से ग्रामीणों में भय व्याप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बड़गड़, भंडरीया और चिनिया प्रखंड मे आदमखोर तेंदुआ को पकड़ने के लिए प्रशासन और वन विभाग की टीम कई दिनों से मशक्कत कर रही है। वही जान-माल की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण भयभीत है। इसी कड़ी में रमना क्षेत्र के सिलीदाग और धुरकी के पनघटवा मे आदमखोर तेंदुआ देखे जाने की चर्चा जोरों पर है।

### अब तक नहीं हुई पुष्टि

हालांकि रमना के वन परिसर पदाधिकारी ध्रुव कुमार के मुताबिक ने रमना और पनघटवा के इलाकों मे तेंदुआ देखे जाने की सत्यता कि पुष्टी नही हुई है। इधर दो दिनों से सिलीदाग के रमना-डंडई मार्ग और पनघटवा डैम के करीब मे तेंदुआ देखे जाने की खबर इंटरनेट, मीडिया पोर्टल समाचार मे वायरल होने के बाद लोग भयभीत है। रमना के विभिन्न चौक चौराहे, चाय-पान की दुकान केसाथ-साथ घरों मे भी सिर्फ तेंदुआ देखे जाने की चर्चा हो रही है, जिससे ग्रामीण किसान भयभीत है।

### खेती-बारी पर असर

तेंदुआ आने के अफवाह का सर्वाधिक असर गेहूं के पटवन पर हो रहा है। सिलीदाग और उसके अगल-बगल गांव के किसान रात मे गेहूं फसल की पटवन करने नही निकल रहे है। रमना के वन परिसर पदाधिकारी ध्रुव कुमार के अनुसार वन क्षेत्र में कही भी तेंदुआ पहुंचने का कोई ठोस साक्ष्य नही मिला है। बड़गड़, भंडरियां और चिनियां क्षेत्र मे तेंदुआ आने की सूचना है। लोग एहतियातन सुरक्षा बरतते हुए अफवाहों से बचे।

# रसोइया और संयोजिका को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड बीआरसी कार्यालय में सोमवार को रसोईया और संयोजिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कर्ता सीआरपी श्याम किशोर सिंह ने रसोईया और संयोजिका के दायित्वों के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा की विद्यालय के बच्चों को ससमय पौष्टिक भोजन मेनू के अनुसार प्रतिदिन देना है। वहीं बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने कहा की विद्यालय सम्बंधित किसी भी तरह का समाग्री का क्रय संयोजिका और अध्यक्ष करेंगे। इस कार्य में प्रधानाध्यापक संलग्न नहीं रहेंगे। मौके पर बीआरपी रमेश कुमार, संयोजिका प्रियंका देवी, संगीता देवी, ललिता देवी, उर्मिला देवी कम्प्यूटर आपरेटर छोटु पाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का विचार गोष्ठी समारोह

# जनहित विषयों पर निर्भीक होकर लिखें

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के तत्वधान में प्रखंड के उच्च विद्यालय खरौंधी में पत्रकार विचार गोष्ठी सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राज्य प्रतिनिधि सह जिला प्रभारी एसएस वर्मा, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य सहित जिलेभर से जेजेए के पत्रकार साथी शामिल हुए। मौके पर एसोसिएशन के खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष संकेत लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार विचार गोष्ठी के प्रथम सत्र में जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के मजबूती और विस्तार पर व्यापक चर्चा-परिचर्चा किया गया। इस दौरान बैठक में शामिल पत्रकार साथियों ने काम के दौरान आने वाली परेशानियों सहित अन्य समस्याओं के बारे में संगठन में अपनी बातें रखी। मौके पर संगठन के गढ़वा, पलामू और लातेहार जिला प्रभारी एसएस वर्मा ने कहा कि जन मुद्दे और जन सरोकार से जुड़े सही विषयों पर पत्रकारिता के दौरान यदि किसी व्यक्ति प्रतिनिधि व अधिकारी द्वारा परेशान किया जाता है अथवा फर्जी मुकदमे में फसाया जाता है तो इसके लिए संगठन संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से हर संभव लड़ाई लड़ेगी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपरोक्त पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी पत्रकार साथियों को अंग वस्त्र एवं डायरी प्रदान कर सम्मानित किया।




इस दौरान कई पत्रकार साथियों ने झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। संघ के एसएस वर्मा व जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने सभी को संघ की सदस्यता ग्रहण कराया। इससे पूर्व जेजेए प्रखंड इकाई खरौंधी की ओर से जनप्रतिनिधियों को बुके व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इसके बाद भोजनावकाश में भोजन के बाद मिलन समारोह समाप्त हुआ। मौके प्रदीप कुमार, प्रदीप चौबे, सुनील सिंह, सुनील ठाकुर, आशीष अग्रवाल, विकास सिंह, रूपेश सिंह, अभिमन्यु जायसवाल, अरविंद गुप्ता,संकेत कुमार श्रीवास्तव, अंजनी द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपप्रमुख कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय खरौंधी मे पूर्व से विवादित उपप्रमुख कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, जिलापरिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहीर अंसारी, खरौंधी जिपसदस्य धर्मराज पासवान के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। उद्घाटन के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर मे उपप्रमुख कार्यालय उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान एवं संचालन हिफाजत अंसारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कहा कि खरौंधी प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लेकर खरौंधी का सर्वांगीण विकास का कार्य करता



रहुंगा। यहां के लोग हमें जहां भी याद करेंगे उनके लिए सेवक के रुप मे उपलब्ध रहुंगा। मौके पर उपप्रमुख देवदत प्रसाद, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी, जिपसदस्य भवनाथपुर रजनी शर्मा, मुक्तेश्वर पाण्डेय, खरौंधी बीडीसी रेणु देवी, मुखिया मंशा देवी, बिनोद यादव, अजय बैठा, उदय अलबेला, कृष्णा प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जन योजना अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# योजना चयन में सबकी सहभागिता जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में सोमवार को जन योजना अभियान 2023-24 के तहत प्रखंड के सात पंचायतों के पंचायत संसाधन दल की तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ मुकेश मछुआ, बीपीओ मनोज कुमार व पंचायत सचिव राजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में मुखिया द्वारा नामित दो वार्ड सदस्य,दो मनरेगा मेठ, पंचायत सचिव, जलसहिया,और महिला समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें आगामी वित्तीय वर्ष में पंचायत में योजनाओं का चयन करने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है और उसे किस तरह से धरातल पर पूरी पारदर्शिता के




साथ उतारना है, इसके बारे में बताया गया। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की पंचायत के विकास में सभी की भूमिका अहम है। इसलिए योजना चयन में सबकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने ग्राम सभा में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। प्रशिक्षण कर्ता बीपीएम प्रियंका कुमारी, पंचायत राज प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने बताया की प्रशिक्षण में नौ बिंदुओं पर चर्चा किया गया।योजना तैयार करने के लिए प्रत्येक गांव में दो दिन और पंचायत स्तर पर एक दिन विशेष ग्राम सभा का आयोजित कि जायेगी। पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा।इस मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह,राम कुमार प्रजापति, दिलीप जायसवाल, सहित वार्ड सदस्य और जलसहिया उपस्थित थे।

### नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग



**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग किया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा गया है कि श्री बंशीधर नगर एक ऐसा जगह है जिसकी पहचान जिला ही नही बल्कि देश स्तर पर भी है। साफ-सफाई के मामले में नगर पंचायत की स्थिति बद से बदतर है। साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किया जा रहा है। सिर्फ कागज पर धरातल पर कोई कार्य नही होता है। आवेदन में श्री केशरी ने कहा है कि नगर पंचायत का सिटी मैनेजर रवि कुमार सिर्फ अपने कमाई का श्रोत देखते रहते हैं। दिन रात बचौलिया के माध्यम से अपना उगाही में लगे रहते हैं। आवास का पैसा डालना हो तो पहले पैसा चाहिये या नया आवास देना हो तो पहले पैसा चाहिये। उन्होंने उक्त सभी मामलों की जांच कराकर सिटी मैनेजर पर कार्रवाई करने तथा साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने का आग्रह किया है उन्होंने इस आशय की प्रति नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भी दिया है।

### केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**धुरकी।** खुटिया पंचायत में सोमवार को केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक नालंदु विश्वास एवं क्षेत्रीय प्रबंधक सैनुलहक व बीडीओ अरूण कुमार सिंह व थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने खुटिया में केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा की इस तरह का बैंक हमारे पंचायत में खुल जाने से पंचायत के सभी ग्रामीण को बचत खाता एवं करंट खाता व कृषि लोन लेने में जो भी समस्या आती थी। अब वह दूर हो गया है। इस ब्रांच से खुटिया पंचायत के सभी लोग को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर जिप सदस्य सुनिता कुमारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, बिनोद कोरवा, नजार बिबि, सबिता सिह, कमलेश कुमार सिह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### क्रशर स्थल लाखों रुपये के सामान की चोरी भुक्तभोगी ने थाने में दिया आवेदन

**डंडई।** थाना क्षेत्र स्थित डंडई गांव के सुमित कुमार के क्रशर स्थल से बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने खेती-गृहस्ती के साथ-साथ व्यवसाय से जुड़े कई तरह के उपकरणों की चोरी कर भाग गए। दो कमरों में लगे अलग-अलग तालों को तोड़ कर घटना का अंजाम दिया गया है । इस बीच एक कमरे से डीजल पंप व पंखा तो दूसरे कमरे से आयसर मशीन व लंबा-लंबा मशीनरी लोहे की शापट को चुरा लिया गया है । इससे पहले उनके द्वारा दोनों शापट में सेट किए गए रबड़ युक्त पट्टा को आरी ब्लेड से काट लिया गया । भुक्तभोगी ने बताया कि कि चोरों के द्वारा दोनों कमरों में लगे ताला को तोड़कर उसके अंदर रखे कई तरह के खेती गृहस्ती के सामान के साथ-साथ व्यवसायिक उपकरण को भी चुरा लिया गया है । सुमित ने बताया कि चोरों के द्वारा लगभग ढाई से तीन लाख रुपये से भी अधिक की राशि का सामान चुरा लिया गया है । सुमित ने घटना की लिखित जानकारी स्थानीय थाना को भी देने की बात कही है । थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि भुक्तभोगी की ओर से घटना की लिखित जानकारी दी गई है । मामले पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर दी गयी जानकारियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को पीएम पोषण मध्यान भोजन योजना अंतर्गत रसोईया सह सहायिका के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रशिक्षक सह सीआरपी शक्ति दास सिन्हा द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षक शक्ति दास सिन्हा द्वारा सभी बिंदुओं पर रसोईया व संयोजिका को जानकारी दिया गया। उन्होंने मध्याहन भोजन सबंधित बच्चों की सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य के बारे में बताया। बच्चों को भोजन देते समय कौन सी सावधानी बरतना है, भंडारण कैसे करना है ? एक से पांच वर्ग और 6 से 8 तक के बच्चों के लिए चावल , दाल , सब्जी ,तेल नमक



आदि का उपयोग कैसे करना है, इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सीआरपी अजय कुमार के द्वारा पंजी का संधारण करने व चावल का भंडारण के सम्बन्ध में बताया गया। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, बिरेन्द्र प्रसाद प्रजापति, शोभा पांडेय,प्रशांत कुमार देव, संयोजिका मीना देवी, पानपति देवी, सबिता देवी, रेणु देवी, रिशु सिन्हा सहित अन्य संयोजिका उपस्थित थे। प्रशिक्षण की व्यवस्था व संचालन एमडीएम ऑपरेटर अमित कुमार के द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम** प्रधान जिला जज के आवास पर दीपयज्ञ का आयोजन

# धार्मिक लाभ के लिये यज्ञ है जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह के आवास पर गायत्री परिवार द्वारा रविवार की शाम दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान जिला जज श्री सिंह ने पत्नी रेणु सिंह के साथ दीपयज्ञ में विधिवत रूप से पूजा किया।

दीपयज्ञ के अवसर पर गढ़वा न्यायालय के प्रभारी न्यायाधीश हर्षित तिवारी, नगरउंटारी के प्रभारी न्यायाधीश अमित खन्ना, न्यायिक दंडाधिकारी गढ़वा प्रथम अभिनव कुमार सहित न्यायालय कर्मी व पीडीजे के परिवार के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला मंडल की जिला प्रभारी शोभा पाठक ने नारी जागरण पर बोलते हुये कहा कि नारियों को अपनी



गरिमा समझनी होगी। उन्होंने नारियों को अपनी गरिमा समझते हुये भोगवाद की संस्कृति से बाहर निकलकर अपने घरों में संस्कार परंपरा को अपनाने का आह्वान किया. यज्ञ के पश्चात प्रधान जिला जज श्री सिंह ने गायत्री परिवार के अभियान की काफी प्रशंसा की।

### ऋषियों के बतायी जीवनशैली को अपनाएं

यज्ञ का संचालन करते हुये गायत्री परिवार के प्रचारक संतन मिश्र ने कहा कि आज के इस व्यस्त समय में जब व्यक्ति के पास समय का अभाव हो गया है, उस परिस्थिति में आध्यात्मिक लाभ के लिये दीपयज्ञ एक बेहतर विकल्प है। दीपयज्ञ में कम संसाधन और कम समय में व्यक्ति यज्ञ का लाभ ले सकता है। उन्होंने कहा कि इस भौतिक युग में मानव अपनी समस्त प्रतिभा और समय का उपयोग सिर्फ स्थूल शरीर के लिये खर्च कर रहा है। सूक्ष्म शरीर के प्रति बिलकुल ही जागरूक नहीं है। इसके कारण मनुष्य का चिंतन विकृत और भोगवादी होता जा रहा है। इसका असर आज स्पष्ट रूप से समाज में दिखायी दे रहा है। इसके के लिये उन्होंने लोगों को ऋषियों के बतायी जीवनशैली को अपनाने की आवश्यता बतायी।

कार्यक्रम में मझिआंव से आये अच्युतानंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, वीरेंद्र सोनी व गढ़वा के नंदू ठाकुर ने युग संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीडीजे के नाजीर दीपक कुमार, न्यायालयकर्मी अजय कुमार, उमेश भगत, अरविंद कुमार, महेंद्र राम, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक विनोद पाठक, मुख्य ट्रस्टी संजय सोनी, अखिलेश कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, वृंदा ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, डॉ सुनील विश्वकर्मा, रंजीत केसरी, अनिता देवी, पूनम चौबे, आदि ने सक्रिय भूमिका निभायी।

# बालों की प्रॉब्लम्स को जानकर चुनें हेयर ऑयल



हर किसी की हेयर प्रॉब्लम्स अलग होती है तो हेयर ऑयल भी अलग होना चाहिए। बालों की समस्याओं को ध्यान में रखकर हेयर ऑयल का चुनाव करने से आपके बाल शाइनी और हेल्दी बने रहेंगे। आज हम बालों के लिए सही हेयर ऑयल चूज करने के आइडियाज बता रहें हैं। हर किसी के बाल अलग तरह के होते है किसी के स्ट्रेट और सॉफ्ट तो किसी के कर्ली तो किसी के रफ। इसी तरह हर किसी के बालों को पोषण की जरुरत भी अलग तरह की होती है। बालों के लिए ऑयल भी बालों की जरूरत के हिसाब से चूज करना होता है लेकिन हम जो भी हेयर ऑयल घर में मौजूद होता है उसको अपने बालों में इस्तेमाल करते है या फिर टीवी के विज्ञापनों में सुझाये गए हेयर ऑयल का यूज करते हैं। इस तरह से बालों की जरुरत समझे बिना हेयर ऑयल इस्तेमाल करने से आपके बाल डैमेज होते हैं।

## रूखे बाल

अगर आपके बाल एकदम रूखे और बेजान रहते हैं तो अंगूर के बीजों का तेल या फिर अनार के बीजों का तेल आपके बालों में जान डाल देंगे। यह तेल आप थोड़ी मात्रा में नारियल तेल में मिक्स करके बालों में अप्लाई कर सकते हैं। ऑलिव ऑयल भी आपके बालों का रूखापन दूर करके उनको शाइनी बनाने में आपकी हेल्प करेगा, ऑलिव ऑयल में एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन ए पाया जाता है। यह तेल आपके बालों को नरिशमेन्ट देंगे और उनको रिपेयर भी करेंगे। अनार का तेल बालों का रूखापन भी दूर करने में मददगार है।

## ऑयली बाल

अगर आपके बाल शैम्पू करने के बाद भी चिपचिपे रहते हैं तो आपके बाल ऑयली हैं। ऑयली बालों के लिए आंवला ऑयल बेस्ट है। यह आपके बालों के ऑयलीनेस को दूर करके सीबम को बैलेंस रखेगा। आंवला आपके बालों की डैमेज को भी रिपेयर करने में सहायक है,आंवला बालों की शाइन बढ़ाने में भी हेल्प करता है।

## कर्ली बाल

यदि आपके बाल कर्ली और सॉफ्ट हैं तो आपको आलमंड ऑयल यूज करना चाहिए। यह आपके बालों की नैचुरल कर्ल बनाये रखेगा और बालों को नरिश भी करेगा। बादाम का तेल आपके सिर की स्किन को हाइड्रेट रखता है इसमें मौजूद विटामिन एआपके बालों को किसी भी तरह के डैमेज से बचाता है और उनकी रिपेयर भी करने में मदगार है। ऑलमंड ऑयल के मसाज से बाल शाइनी होते हैं।

## हल्के बाल

अगर आपके बाल पतले और हल्के हैं तो वर्जिन कोकोनट ऑयल का मसाज और कैस्टर ऑयल का मसाज आपके बालों के लिए बेस्ट ऑप्शन है। यह आपके बालों को हेल्दी बनाने में सहायक है और बालों को नरिशमेंट भी प्रदान करता है। वर्जिन कोकोनट ऑयल केमिकल्स फ्री होता है इससे आपके बाल घने और शाइनी बनेंगे। कैस्टर ऑयल पतले और हल्के बालों को घना बनाने के लिए जाना जाता है और हेयर ग्रोथ के लिए भी लाभदायक है।

## डेंड्रफ वाले बाल

अगर आपके बालों में डेंड्रफ की प्रॉब्लम है तो आपको टी ट्री ऑयल से बालों की मसाज फायदेमंद है यह एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है और स्कैल्प्स में किसी तरह की एलर्जी को क्योर करने में हेल्पफुल है। इसको आप कोकोनट ऑयल में मिक्स करके लगा सकते हैं।

■ सूर्या मिश्रा

# इन आसान तरीकों से घर पर ही करें नेल एक्सटेंशन

नाखूनों पर ग्लू लगाने का है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लू के बिना आप एक्सटेंशन का यूज नहीं कर पाएंगे बस ये ध्यान रहे कि एक बार में एक नाखून पर ही ग्लू लगाएं ताकि दूसरे नेल्स की ग्लू कहीं सूख ना जाए और आपकी मेहनत बेकार हो जाएं। आजकल सभी चाहते हैं कि उनके हाथ और पैर सुंदर दिखे जिनसे उनकी खूबसूरती में चार चांद लग जाए इसलिए सभी पहले से ही तैयार किए हुए नेल एक्सटेंशन को बेहद पसंद कर रहे है लेकिन आजकल के जमाने में सभी जानते हैं कि नेल एक्सटेंशन कैसे लगाया जाता है। प्राचीन काल से ही महिलाओं ने अपने नाखूनों को भिन्न भिन्न तरीकों से पेंट और एक्सेसराइज किया है। महिलाओं का लंबे नाखूनों की तरफ आकर्षण आज का नहीं बल्कि रानी महारानी के वक्त का ही है। वहीं कई मशहूर हस्तियों को अक्सर लंबे नाखूनों के साथ देखा गया है।

मैनीक्योर नेल एक्सटेंशन करने के लिए एक ऐसा पहला स्टेप है जिसमें आप अपने नाखूनों की साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है और आगे के प्रकिया के लिए तैयार किया जाता है।

**नेल्स की करें बफिंग :** दरअसल बफिंग का मतलब नाखूनों को खुश्क करना होता है जिससे कि आपके नाखूनों पर एक्सटेंशन सही तरीके से इस्तेमाल की जा सके बफ आपके नाखूनों को बिल्कुल नया कर देता है तभी यह स्टेप बहुत जरूरी कहा जाता है जिसे हर पार्लर मे या घर पर भी आप आसानी से कर सकते हैं।



**अच्छी किस्म का ले ग्लू :** अगला स्टेप नाखूनों पर ग्लू लगाने का है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लू के बिना आप एक्सटेंशन का यूज नहीं कर पाएंगे बस ये ध्यान रहे कि एक बार में एक नाखून पर ही ग्लू लगाएं ताकि दूसरे नेल्स की ग्लू कहीं सूख ना जाए और आपकी मेहनत बेकार हो जाएं।

**नेल पेंट लगाएं :** अब तैयार किए हुए नेल्स को अपनी मनपसंद नेल पेंट लगाकर आकर्षक बनाएं और साथ ही कम से कम नेलपेंट का दो कोट लगाएं जिससे आपके नाखून शाइन करने लग जाएँगे।

**रेडीमेड एक्सटेंशन भी कर सकती है यूज :** आजकल बाजार में और ऑनलाइन नेल एक्सटेंशन के बहुत से ऑप्शन आ गए हैं जहां आपको डिजाइन किए गए नेल्स बिना किसी मेहनत के ही तैयार मिल जाते हैं। बात करें नाखूनों की तो कुछ को मजबूत और सुंदर नाखूनों से नवाजा जाता है, वहीं दूसरों को साफ और सुंदर दिखने के लिए अपने नियमित मैनीक्योर पर बहुत ध्यान देना पड़ता है। नतीजतन, वर्तमान फैशन उद्योग में कृत्रिम नाखून या एक्सटेंशन लोकप्रिय होती ही जा रही हैं। और हर युवती इसे अपने रोज के लाइफस्टाइल में अपना रही है। ये नेल एक्सटेंशन ऐक्रेलिक, फाइबरग्लास या जेल से बने होते हैं, और इस प्रक्रिया को मूर्तिकला के रूप में भी जाना जाता है।

■ पल्लवी धीमान



# स्टाइलिश लुक के लिए ट्राई करें नेट की लेटेस्ट साड़ियां

यदि आप इस वेडिंग सीजन इस बात से कन्फ्यूज है कौन सी साड़ी कैरी करें जिससे आपका लुक कॉम्पलिमेंट करें तो हम आपको आज नेट की साड़ियों के कुछ अलग फैब्रिक और डिजाइन आइडिया बताने वाले हैं जिससे आपके लुक में चार चांद लग जायेंगे। नेट ऐसा फैब्रिक है जो हर किसी पर अच्छा लगता हैं। नेट का झीना फैब्रिक आपको क्लासी और एलिगेंट लुक देता है साथ ही कैरी करने में भी आसान है। यह साड़ियां लेटेस्ट ट्रेंड में भी हैं। इसमें आप बेहद खूबसूरत भी दिखाई देंगी।

### फ्रिल या रफेल नेट साड़ी

यह साड़ी सबसे लेटेस्ट डिजाइन है खासकर जो महिलाएं साड़ी में मॉडर्न लुक चाहती हैं उनको तो यह डिजाइन बेहद पसंद आएगी। इस साड़ी के साथ आपको ग्लॉसी मेकअप कॉम्प्लीमेंट करेगा। इसके साथ आप पर्ल या पोल्की जूलरी कैरी कर सकती है। साड़ी के कलर से मैच करता हुआ अनकट स्टोन जूलरी भी ट्राई कर सकती हैं। लिपस्टिक शेड शियरी या न्यूड ट्राई करें यह आपका लुक अलग शो करेंगे। इसके साथ नेकलेस ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। अगर साड़ी रफेल में है तो कट स्लीव्स ब्लाउज भी सूट करेगा या ब्लाउज में भी रफेल का यूज कर सकती हैं रफेल या फ्रिल के साथ ओपन हेयर्स या साइड ओपन हेयर स्टाइल अच्छी लगती है। यह साड़ी आपको 1500-2000 तक में मिल जाएगी।

### शियर फैब्रिक नेट साड़ी

शियर फैब्रिक की साड़ियां बहुत कूल कलर में आती हैं। अगर आपका फिगर भी परफेक्ट है तो आप नेट की शियर फैब्रिक साड़ी ट्राई कर सकती हैं। नेट की शियर फैब्रिक की साड़ियां कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण जैसी बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी ट्राई कर चुकी हैं। अगर आप भी नेट शियर फैब्रिक साड़ी ट्राई कर रही है तो इसके साथ आप चांदबाली कैरी करें ओपन हेयर स्टाइल अपनाएं।

### वर्क वाली नेट साड़ी

अगर आप नेट की वर्क वाली साड़ी ट्राई करने की सोच रही हैं तो इसके साथ आप स्टोन वर्क वाली जूलरी ट्राई कर सकती हैं। इसके साथ आप ग्लॉसी बेस और मेकअप करें। फुल वर्क नेट साड़ी के साथ साटन फैब्रिक का ब्लाउज मैच करेगा। आप स्लीवलेस या फुल स्लीव्स ट्राई कर सकती है। यह साड़ी आपको 2000-5000 तक में आसानी से मिल जाएगी। इसके साथ पोल्की या फिर डायमंड जूलरी ट्राई करें।

### फ्लोरल नेट साड़ी

नेट फ्लोरल डिजाइन साड़ी हर महिला को सूट करती है। यह साड़ियां आपको किसी भी ओकेजन पर सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बना सकती हैं। अगर आप भी फ्लोरल नेट साड़ी कैरी करने का प्लान कर रहीं हैं तो इसके साथ आप पोल्की के अलावा कुंदन और अनकट स्टोन जूलरी ट्राई कर सकती हैं। मेकअप बेस ग्लॉसी और लिप कलर बोल्ड कॉम्प्लीमेंट करेगा। यह साड़ी आपको 2000-3000 में मिल जाएगी। इसके साथ आप स्लीवलेस या प्लेन ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

# पुरुषों के इस लुक पर मर मिटती हैं लड़कियां

बात महिलाओं को अट्रेक्ट करने की आती है तो पुरुष अपने लुक्स पर ज्यादा ध्यान देते हैं अगर आपकी पर्सनालिटी आकर्षक है तो कोई भी महिला आपसे फर्स्ट मीटिंग में ही इम्प्रेस हो जाएगी। जानते हैं लड़को के लुक्स से रिलेटेड वो कौन सी बातें हैं जो महिलाओं को अट्रेक्ट करती हैं। लड़कियों को इम्प्रेस करने के लिए लड़के अपने ड्रेसिंग सेन्स और लुक को लेकर बहुत कन्फ्यूज रहतें हैं। कुछ रिसर्च ने यह प्रूव किया है, पुरुषों की ये खासियत महिलाओं को अट्रेक्ट करती है।

**हेयरस्टाइल और बियर्ड :** आपकी हेयर स्टाइल ऐसी हो जो आपको सूट करे जरूरी नहीं जो बालों का स्टाइल किसी दूसरे पर जंच रहा है वो आप पर भी अच्छा लगे। इसके लिए आप किसी अच्छे हेयर एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं क्योकि पर्सनालिटी को अट्रेक्टिव बनाने में बालों की स्टाइल सबसे ज्यादा हेल्पफुल होती है। अगर आपकी बियर्ड है तो आपको बियर्ड शेप का खास ख्याल रखना हैं बियर्ड की शेप फेस कट के हिसाब से चूज करें। बियर्ड की ट्रिमिंग का भी खास ख्याल रखें। आपकी बियर्ड की शेप लड़कियों को अट्रेक्ट करती है। एक रिसर्च के मुताबिक महिलाओं को ट्रिम्ड बियर्ड और हैवी बियर्ड वाले पुरुष आकर्षित करते हैं।



**कपड़ों की मेंटेनेंस :** अच्छी तरह से ड्रेसअप पुरुष महिलाओं की कमजोरी होते हैं वैसे भी आपके कपड़े आपकी पर्सनालिटी को सबसे पहले रिप्रेजेंट करते हैं, कपड़े साफ सुथरे और आयरन किये हुए हो। कपड़े भले ही महंगे ब्रांड के न हो लेकिन उनमें चमक बनी रहनी चाहिए। फेडेड कपड़ो से पर्सनालिटी अट्रेक्टिव नहीं दिखती और आपका इम्प्रेसन खराब हो जाता है। खुद को प्रेजेंटेबल शो करने के लिए समय के हिसाब से कपड़ो का चयन करें। कपड़े फिटिंग के पहनें अगर आप स्लिम हैं और लूज कपड़े पहनते है तो आप और पतले दिखेंगे। अगर आप बहुत टाइट कपड़े चूज करेंगे तो यह स्किन रैशेज का कारण बनेंगे और आपको अनकम्फर्टेबल फील होगा।

**परफ्यूम :** जनरल साइंस के मुताबिक आपका परफ्यूम महिलाओं के बीच आपको सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बना सकता है। डियो या परफ्यूम के इस्तेमाल से आपमें सेल्फ कॉन्फिडेंस भी डेवलप होता है। यह महिलाओं को आपकी ओर आकर्षित करने में हेल्पफुल है।

**बॉडी मसल्स :** यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया ने एक रिसर्च के अनुसार महिलाओं को पुरुषों के बॉडी मसल्स पसंद हैं। फिट बॉडी के पुरुषों को महिलाएं प्राथमिकता देती हैं। अगर आप भी महिलाओं को आकर्षित करना चाहते हैं तो आज से अपनी बॉडी की फिटनेस पर ध्यान देना शुरू कर दें।

**हाइजीन :** अच्छी ड्रेसिंग सेन्स के साथ ही हाइजीन रूटीन फॉलो करना भी जरुरी है। इस लिए आप अच्छे से ड्रेसअप होने के साथ ही नेल्स की सफाई और उनकी कटिंग का ख्याल रखें। अगर बॉडी ऑडर की समस्या है तो डियो का यूज करें। महिलाओं को ऐसे पुरुष पसंद आते हैं जो हाइजीन का ख्याल रखते हैं।

# एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के क्या हैं लक्षण जानें इसके उपचार का तरीका

फर्टिलाइज एग जब गर्भाशय तक ना पहुंच कर फेलोपियन ट्यूब अथवा एब्डोमिनल कैविटी में चला जाता है इस स्थिति को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी कहा जाता है। एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के कारण फेलोपियन फट सकती है। स्मोकिंग, पेल्विक डिसीज, अधिक उम्र में प्रेग्नेंसी, आईवीएफ या फर्टिलिटी की दवाओं का सेवन इसका कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी की कन्फर्मेशन तब होती है जब एग यूटरस त्नगर्भाशय त्न से जाकर जुड़ता है लेकिन किन्ही मामलों में एग यूटरस में ना जाकर फेलोपियन ट्यूब में चला जाता है, यह स्थिति एक्टोपिक प्रेग्नेंसी कहलाती है। एक्टोपिक प्रेग्नेंसी 9 प्रकार की होती है जिसमें ट्यूबल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी की समस्या ज्यादा देखी जाती है। यदि फर्टिलाइज एग फेलोपियन ट्यूब में ही रहे तो इससे अन्य अंगो को नुकसान पहुंच सकता है और एग का विकास नहीं होगा क्योकि फर्टिलाइज एग की ग्रोथ गर्भाशय में ही संभव है। एक्टोपिक प्रेग्नेंसी की समस्या कुछ महिलाओं के साथ ही होते हैं। शुरू में दवाओं के जरिये इसका इलाज संभव है, समस्या बढ़ने पर सर्जरी की सहायता ली जाती है।

**एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के कारण**
- अधिक उम्र में गर्भधारण
- आईवीएफ के द्वारा गर्भधारण
- फेलोपियन ट्यूब में सूजन
- हार्मोन्स का असंतुलन
- फर्टिलिटी दवाओं का सेवन
- फर्टिलाइज एग का ठीक से विकसित ना होना
- डैमेज ट्यूब



**एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के लक्षण :** एक्टोपिक प्रेग्नेंसी में मुख्य रूप से फेलोपियन ट्यूब का फटना, हल्की या ज्यादा ब्लीडिंग होना,उल्टी, पेट खराब होना, पेल्विक हिस्से में दर्द, पेट में मरोड़ या ऐंठन, चक्कर आना, बेहोशी और कमजोरी होना आदि लक्षण होते हैं। एक्टोपिक प्रेग्नेंसी की समस्या गर्भावस्था की शुरूआत में ही देखी जाती है। कभी-कभी एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के ये लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, यदि आपका एचसीजी लेवल कम हो तो भी आपको एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का खतरा हो सकता है।

**एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का इलाज :** एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का पता लगाने के लिए अल्ट्रा साउंड, पेल्विक एक्जामिनेशन और प्रेग्नेंसी टेस्ट किया जाता है। एक्टोपिक प्रेग्नेंसी में एग को दवाओं या सर्जरी के द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है। यदि आपकी प्रेग्नेंसी कुछ ही सप्ताह की है तो आपको methotrejaat दिया जाता है यह ट्यूब में कोशिकाओं की ग्रोथ नहीं होने देगा।

**बचाव :** ज्यादा धूम्रपान ना करें, यौन संक्रमित और पेल्विक इन्फ्लामेट्री बीमारियों से बचें। पौष्टिक भोजन करें और हार्मोनल संतुलन का विशेष ध्यान रखें, इन उपायों से एक्टोपिक प्रेग्नेंसी के खतरे से बचा जा सकता है।

# सांवली स्किन में दिखना है...

अगर आपकी स्किन भी डार्क या सांवली है तो आप ब्लैक आई मेकअप की जगह ब्राउन को आजमाएं, यह आपके लुक को अलग ही कॉम्पलिमेंट करेगा। आई शैडो के लिए वॉर्म ब्राउन, चॉकलेट, सिल्वर ब्रॉन्ज या ग्रीन शेड का चुनाव करना चाहिए। सांवली स्किन वाली महिलाओं को अक्सर यह कन्फ्यूजन रहती है कि वो आई मेकअप कैसे करें क्योंकि उन्हें लगता है कि ट्रेडिशनल आई मेकअप उनके कॉम्प्लेक्शन को डार्क बना देता है या फिर उन्हें ट्रेंडी लुक नहीं मिल पाता है। सांवली स्किन वाली महिलाओं को अक्सर आँखों के नीचे डार्क सर्कल्स की प्रॉब्लम होती है इसके लिए आप किसी अच्छे कंसीलर का इस्तेमाल करें।



**ब्लैक आई लाइनर को कहें बॉय :** अगर आपकी स्किन भी डार्क या सांवली है तो आप ब्लैक आई मेकअप की जगह ब्राउन को आजमाएं, यह आपके लुक को अलग ही कॉम्पलिमेंट करेगा। आई शैडो के लिए वॉर्म ब्राउन, चॉकलेट, सिल्वर ब्रॉन्ज या ग्रीन शेड का चुनाव करना चाहिए। ये शेड सांवली त्वचा पर बहुत अच्छे लगते हैं। कॉफी शेड भी आपकी स्किन को कॉम्पलिमेंट करेगा और आपको एक ट्रेंडी लुक भी देगा। इसके साथ आप कॉफी शेड का ही ब्लशऑन भी इस्तेमाल करें। लेकिन पिंक या ऑरेंज शेड का आई शैडो भूल कर भी इस्तेमाल ना करें।

**लिप मेकअप करने के बेस्ट टिप्स :** सांवली स्किन पर कभी भी ऑरेंज लिपस्टिक ना लगायें चॉकलेट ब्राउन, ब्राउनिश रेड आपके लिए अच्छे ऑप्शन हो सकते है।

**फाउंडेशन लगाने के बेस्ट टिप्स :** कभी भी अपनी स्किन से लाइट फाउडेंशन ना इस्तेमाल ना करें, यह आपकी आपकी स्किन पर पैच दिखा सकता है, अपनी स्किन से मैच करता हुआ ही फाउन्डेशन इस्तेमाल करें, या फिर एक शेड डार्क फाउंडेशन ही इस्तेमाल करें, ऑरेंज टोन वाले फाउंडेशन से आपकी सांवली त्वचा और भी डार्क नजर आएगी इसलिए ऐसा कभी न करें।

**स्किन क्लींजिंग जरूर करें :** स्किन सांवली हो या गोरी उसकी सफाई सबसे ज्यादा जरुरी होती है आप रोज अपनी स्किन को अच्छे से साफ करें जिससे कि आपकी स्किन कील मुहासों से बची रहेंगी और स्किन ग्लोइंग बनी रहेगी, इसके लिए आप कोई भी अच्छा फेशवॉश इस्तेमाल कर सकती है क्लींजिग के बाद स्किन टोनिंग जरूर करें इसके बाद कोई अच्छा मॉश्चराइजर स्किन पर अप्लाई करें क्योकि स्किन अगर ड्राई होगी तो डार्क नजर आएगी और स्किन पर फाइन लाइन्स भी नजर आने लगती है। अगर आप मेकअप लगाती है तो सोते समय उसको अच्छे से साफ करें नहीं तो आँखों में इन्फेक्शन हो सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि :** मन भी परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्ट के भाव मन में हो सकते हैं।

**मिथुन राशि :** मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु काम बढ़ सकता है।

**कर्क राशि :** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह राशि :** मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :** करोबार में वृद्धि होगी। पिता का सहयोग मिल सकता है। परिवार की सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं।

**तुला राशि :** भागदौड़ अधिक रहेगी। मन थोड़ा परेशान हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** सन्तान सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। विदेश जाने के योग भी बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु राशि :** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**मकर राशि :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**कुंभ राशि :** पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मीन राशि :** सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

